

यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा पढ़ने के विशेष तकनीक को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह क्रमिक अधिगम सामग्री बच्चों को तेज गति से पढ़ने में मदद करेगी।

15

सूरज को लगी प्यास



कक्षा–तीसरी

क्रमिक अधिगम सामग्री

एक बार की बात है। गर्मी का दिन था। सूरज को बहुत प्यास लगी थी। वह पानी पीने धरती पर उतरा।



राजा ने सोचकर कहा–''सूरज, तुम्हारी प्यास यहाँ कोई बुझा नहीं सकता। तुम बादल के पास जाओ।''

उसी दिन से सूरज हमसे बहुत दूर बादल के पास चला गया।



अब वह सीधे वहाँ के राजा के पास गया। उसने राजा से कहा–''महाराज! मुझे बहुत प्यास लगी है। कोई भी मुझे पानी पीने के लिए नहीं देता है।''



सबसे पहले वह तालाब के पास गया। उसके पास जाते ही तालाब का पानी सूख गया।



वह नदी के पास पहुँचा। नदी का पानी भी सूख गया।

सूरज का प्यास के मारे बुरा हाल था। वह थककर एक पेड़ के नीचे बैठ गया। उस पेड़ की पत्तियाँ झुलसने लगीं। पेड़ ने सूरज को वहाँ से भगा दिया।